सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,

सिद्धार्थनगर—272202 उ0प्र0(भारत)

Website :www.suksn.edu.in,Email Id: registrar@suksn.edu.in

अधिसूचना

महत्त्वपूर्ण/समयबद्ध

(विषम सेमेस्टर परीक्षा 2025—26 की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा आवेदन)

एतद्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत संचालित **स्नातक/परास्नातक एवं C.B.C.S. प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रम बी0एस—सी0 (कृषि), एम0एस—सी0 (कृषि), बी0ए0—एल0एल0बी0 एवं एल0एल0बी0 विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र—2025—26** के समस्त विषयों की **छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा** हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम **तिथि 27—04—2026 तक** निर्धारित थी, किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों/छात्रों द्वारा अभी तक आवेदन पूरित नहीं किया जा सका है।

अतः छात्रहित के दृष्टिगत मा0 कुलपति जी की स्वीकृति के अनुपालन में उक्त कक्षाओं के **विषम सेमेस्टर परीक्षा सत्र—2025—26** के समस्त विषयों की **छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा** हेतु ऑनलाइन आवेदन पूरित किये जाने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए **दिनांक 29—04—2026 से दिनांक 30—04—2026 तक (कुल दो दिन के लिए)** पुनः पोर्टल खोला जा रहा है। जिसे परीक्षार्थी स्वयं/महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर परीक्षार्थी परीक्षा फॉर्म के समस्त प्रपत्रों सहित अपने महाविद्यालय में जमा करें। तत्पश्चात् महाविद्यालय उन फॉर्मों को विश्वविद्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् किसी भी दशा में आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.suksn.edu.in पर अवलोकित किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक

पत्रांक— 5560 /प0सा0/सि0वि0वि0/2026 दिनांक 28—04—2026

प्रतिलिपि—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त अधिष्ठाता/कुलानुशासक, सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
2. समस्त प्रभारी/विभागाध्यक्ष (परिसर), सिद्धार्थ वि0वि0 कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
3. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
4. कुलसचिव/वित्त अधिकारी, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।
5. डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी/जनसम्पर्क अधिकारी, सि0वि0वि0क0, सि0।
6. निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
7. प्रभारी कम्प्यूटर सेल को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सम्बन्धित महाविद्यालयों के कालेज लॉगिन पर अपलोड कराते हुए आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित पत्रावली में संरक्षित हेतु।

परीक्षा नियंत्रक